


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 183 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 16 अप्रेल 2024 | मूल्य 2 रुपया

## विवाह समारोहों पर महंगाई का असर

### मिठाई की जगह फ्रूट कस्टर्ड, फ्रूट रबड़ी, हलवे का क्रेज

**मंदसौर, 15 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** बढ़ती महंगाई का असर किचन से लेकर अब विवाह समाराह के मैन्यू में भी देखा जा रहा है। बीते एक से दो साल में मिठाई में उपयोग किए जाने वाले घी, दूध और ड्रायफ्रूट के भाव बढ़ने से न केवल दुकानों पर मिठाई के भाव बढ़े हैं बल्कि विवाह समारोह जैसे आयोजनों में भी मिठाई की मिठास फीकी हुई है। मिठाई की लागत बढ़ने से लोग कई अन्य सस्ते विकल्पों की ओर बढ़ रहे हैं।



घी, दूध और ड्रायफ्रूट के भाव बढ़ने से मिठाई महंगी हुई है। सबसे ज्यादा प्रभाव विवाह समारोह और अन्य आयोजनों पर पड़ा है। शादी के मैन्यू में शामिल मिठाई में लोग बदलाव कर रहे हैं या फिर अन्य विकल्पों की ओर बढ़ रहे हैं। बेसन, फ्रूट, रवा-मैदा से बनने वाली मिठाइयां मैन्यू में शामिल की जा रही है या फिर जिन मिठाइयों में दूध, ड्रायफ्रूट और घी कम लगता है उसे प्राथमिकता दी जा रही है। इसमें ज्वार की मीठी रबड़ी, सिवैया, मक्खन बड़े, फ्रूट कस्टर्ड, फ्रूट रबड़ी, गाजर, मूंग हलवा, आइस्क्रीम आदि को शामिल किया जा रहा है।

#### अंजीर-पिस्ता समेत ड्रायफ्रूट महंगा...

ड्रायफ्रूट के व्यापारियों के अनुसार एक साल में ड्रायफ्रूट के कई आयटम्स के भाव बढ़े हैं। अंजीर का भाव प्रतिकिलो एक साल पहले 500 से 800 रुपए था अब यह 600 से 900 रुपए हो गया है। पिस्ता के भाव प्रतिकिलो 1200 से 1600 रुपए था अब 1600 से 1800 रुपए हो गया है। किशमिश के भाव में भी 40 से 50 रुपए की बढ़ोतरी है। व्यापारी जयंत जैन ने बताया कि काजू बादाम के भाव में ज्यादा फर्क नहीं है, लेकिन फिर भी बढ़े हैं। बादाम जहां पहले 560 से 600 रुपए किलो थी अब 700 तक के भाव है।

#### घी के दाम बढ़ने से मिठाई महंगी...

घी का उपयोग दूध हो या ड्रायफ्रूट हर तरह की मिठाई में किया जाता है। सबसे ज्यादा घी के दाम बढने से मिठाई महंगी हुई है। दो साल पहले घी 525 से 560 रुपए किलो था जो अब 600 से 650 रुपए किलो है। इसी तरह दूध के दाम भी बढ़े हैं। दूध का दो साल पहले 46 रुपए से 50 रुपए का भाव था जो अब 56 से 60 रुपए हो गया है।

## देशी कट्टा मय कारतूस के आरोपी गिरफ्तार

**पिपलियामंडी, 15 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने देशी कट्टा मय जिन्दा कारतूस के साथ एक आरोपी को पकड़ा। मुखबिर की सूचना पर नारायणगढ़ पुलिस ने कृषि मंडी के यहां एक युवक को रोका, तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 315 बोर का कट्टा व जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपनी पहचान नारायणगढ़ निवासी सईद उर्फ साहिद पिता रहीम कबाड़ी होना बताई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 25, 27 आर्म्स एक्ट में केस दर्ज किया।

### मामला पशुपतिनाथ मंदिर में आने वाले चढ़ावे का...

# विदेशी को देशी होने का इंतजार



### 33 साल से विदेशी मुद्रा को भारतीय मुद्रा में नहीं बदला

#### उज्जैन के महाकाल मंदिर में विदेशी मुद्रा का हो रहा उपयोग...



उज्जैन के महाकाल मंदिर की बात करें तो मंदिर के दानपात्रों में आने वाली विदेशी मुद्रा का नियमित तौर पर भारतीय मुद्रा में बदलाव कराते रहते हैं। वहां के मंदिर से जुड़े लोगों के अनुसार मंदिर के जिन बैंकों में खाते हैं, वहां यह सुविधा ली जा सकती है। इसमें कोई ज्यादा परेशानी वाली बात भी नहीं। यह राशि मंदिर विकास में ही लगती है। बरसों से सिस्टम चलन में है।

**मंदसौर, 15 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। श्री पशुपतिनाथ मंदिर में भारतीय मुद्रा, सोने, चांदी के अलावा विदेशी मुद्राएं भी दानपात्र से निकलती है। आश्चर्य की बात है कि मंदिर निर्माण या अन्य व्यवस्थाओं के लिए इन विदेशी मुद्राओं का उपयोग 33 साल से अभी तक नहीं हो पाया। इसका कारण है कि यह मुद्रा अभी तक सिर्फ कागज के टुकड़े है। मतलब इसको भारतीय मुद्रा में कन्वर्ट ही नहीं किया गया। तीन दशकों से भी ज्यादा समय से आ रहे इस दान पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इन्हें भारतीय मुद्रा में बदलने के प्रयास तक नहीं हुए।**

अमेरिकन डॉलर, फ्रांस का यूरो, कोरिया का वॉन, थाईलैंड का थाईभात, कुवैत के दीनार, यूएई का दिरहम, ओमान का रियाल, मलेशिया का रिंगित हो या नेपाल का रुपया। इन विदेशी मुद्राओं के नाम जरूर अलग हैं। लेकिन मंदिर समिति इन्हें भारतीय रुपयों में कन्वर्ट करना चाहती तो ज्यादा मुश्किलें नहीं आती। हर साल विशेष मौकों पर राशि की गणना करने के बाद भारतीय मुद्रा का हिसाब जरूर होता है। लेकिन, विदेशी मुद्रा पर इतनी गंभीरता से बात नहीं बनी। वर्ष 1991 से लेकर 2020 तक का ब्योरा मंदिर प्रबंध समिति ने जिला कोषालय में सीलबंद कर भिजवा रखा है। वहां हर 3 साल में डिटेल भिजवाया जाता है।

#### कलेक्टर सारस्वत ने किए थे प्रयास...

2008-09 में विदेशी करेंसी को भारतीय मुद्रा में कन्वर्ट करने के लिए तत्कालीन कलेक्टर जीके सारस्वत ने रिजर्व बैंक के जरिए प्रयास किए थे। मकसद यही था कि बरसों से एकत्र विदेशी राशि एक्सचेंज हो जाए। उनके तबादले के बाद प्रशासनिक स्तर पर बात आगे नहीं बढ़ी।

#### मलेशिया के रिंग्गित, युगांडा के शिलिंग तक निकले दानपात्र से...

चार सालों की ही बात करें तो अब तक विदेशी मुद्रा में नोट-सिक्कों से ही लगभग 1 लाख रुपए दान के आ चुके हैं। मंदिर की दानपेटियों से प्रमुख तौर पर अमेरिका के 1, 2 और 20 डॉलर के नोट तक मिले है। एक डॉलर के बदले 82 रुपए 40 पैसे भारतीय मुद्रा मिलती। अब तक 26 अमेरिकन डॉलर निकल चुके हैं। फ्रांस के 500 यूरो का नोट भी मिला है। एक यूरो की भारतीय कीमत 90 रुपए 36 पैसे होती है, ये अकेला नोट 45 हजार 180 रुपए के बराबर है। इनके अलावा कनाडा के 10-10 डॉलर के नोट (एक कनेडियाई डॉलर 60 रुपए के बराबर), कोरिया के एक-एक हजार व 10 हजार वॉन के नोट, थाईलैंड के 20, 50, 100 व 500 थाईभात के नोट, मलेशिया के 1 रिंग्गित, युगांडा के शिलिंग तक मिले। वहीं संपन्नता के मामले में ख्यात खाड़ी देशों से भी चढ़ावा आया, कुवैत से 5 दीनान, एक दीनार यानी 267 भारतीय रुपए) के अलावा यूएई के 15 दिरहम (1 दिरहम यानी 22 भारतीय रुपए) व ओमान के 2 रियाल (1 रियाल 212.54 भारतीय रुपए के बराबर) समेत अन्य देशों से नोट, सिक्के भी मिले।





#### लबालब हुआ रामघाट

काला भाटा बांध से पानी छोड़ने पर रामघाट बैराज लबालब हो गया। इधर कड़ी शटर लगाने के बाद भी पानी लीकेज होने पर नगरपालिका कर्मचारियों द्वारा मिट्टी डालकर पानी को रोकने का प्रयास किया जा रहा है।

## कुत्तों के साथ अब पशु प्रेमियों का आतंक..!

### लोगों ने घेरा, वायरल हुआ वीडियों



**मंदसौर, 15 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** आवारा कुत्तों को लेकर प्रशासन ने सख्ती बरतते हुए धारा 144 के प्रावधान लागू कर दिए है। लेकिन, इसके बाद भी कुत्तों का आतंक कम नहीं हो रहा है। इधर कुत्तों को पकडने जा रही टीम पर कथित पशु प्रेमी जबरन दबाव डाल रहे हैं। इससे नपाधिकारी, कर्मचारी भी परेशान है। हालांकि यश नगर में नपा की टीम की कार्रवाई में रोड़ा बन रहे कथित पशु प्रेमियों की लोगों ने जमकर खबर ली। कुत्ते के शिकार का फोटो भी मोबाईल पर दिखाया। इसके बाद कार्रवाई में बाधा बन रहे पशु प्रेमियों की बोलती बंद हो गई। इधर नपाधिकारी तक कार्रवाई में बाधा बन रहे कथित पशु प्रेमियों से परेशान है। सीएमओ तक ने यश नगर में हुए घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया। जिसमें साफ दिख रहा है कि यह लोग कार्रवाई में बाधा बन रहे हैं। अब जिला प्रशासन को चाहिए कि धारा 144 के प्रावधान के तहत कथित पशु प्रेमियो के विरूद्ध कार्यवाही की जाए।

#### 25 से ज्यादा लोग प्रतिदिन हो रहे शिकार...

प्रशासन द्वारा धारा 144 के तहत आने वाले प्रावधानों को लागू किया गया है। लेकिन, इसके बाद भी कुत्तों पर कंट्रोल नहीं हो पा रहा। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रोजाना औसत 25 लोग कुत्तों के शिकार होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। बड़े अस्पताल की बात करें तो मार्च माह में 846 तो इस माह अब तक संख्या 250 के करीब पहुंच गई हैं। इधर, बढ़ती घटनाओं व शिकायतों के बाद नपा ने करीब एक हजार कुत्तों के नसबंदी व वैक्सीनेशन की स्वीकृति भी दे दी है। अधिकारियों के मुताबिक इसी माह से यह प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।



## बाड़े में सोए युवक की हत्या कर जमीन में दफनाया शव

**गरोठ, 15 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम जूनापानी में रात को अपने बाड़े में सो रहे एक युवक को अज्ञात लोगों द्वारा मौत के घाट उतार दिया गया। इसके बाद जमीन में गड्ढा खोदा गया। जहां उसे गाढ़ दिया गया। सुबह घटना की जानकारी लोगों को मिली। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस कप्तान श्री अनुराग सुजानिया भी मौके पर पहुंचे। मामले में पूरी जानकारी लेकर जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। इधर जानकारी मिली है कि कोई करीबी ही इस हत्याकांड में शामिल है। जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस आज मंगलवार को इस मामले का खुलासा कर सकती है।

जानकारी के अनुसार कुशालसिंह पिता कालूसिंह उम्र 45 वर्ष खेत के पास बने बाड़े में सो रहा था। रात में अज्ञात बदमाशों ने उसके सिर पर वार करके उसकी हत्या कर दी। इसके बाद जमीन में गड्ढा खोदकर उसे दफना दिया गया। सिर्फ कालूसिंह के पैर के पंजे वहां नजर आ रहे थे। सुबह लोगों को इस बात की जानकारी लगी। पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस कप्तान श्री सुजानिया मौके पर पहुंचे। उन्होंने इस संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। शव को पोस्टमार्टम के लिए गरोठ अस्पताल लाया गया। इस मामले में पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। इधर जानकारी मिली है कि



एक रिश्तेदार को पुलिस ने इस मामले में हिरासत में लिया है। जिस पर पुलिस को संदेह है। संभवत: पुलिस आज इस मामले में खुलासा कर सकती है।

### मौसम विभाग का अनुमान...

# सामान्य से बेहतर रहेगा मानसून

### राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत 20 राज्यों में अच्छी बारिश होगी, ओडिशा में कम बरसात

**भोपाल/मंदसौर, 15 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय मौसम विभाग आईएमडी ने सोमवार को बताया कि इस बार जून से सितंबर तक मानसून सामान्य से बेहतर रहेगा। मौसम विभाग 104 से 110 फीसदी के बीच बारिश को सामान्य से बेहतर मानता है। यह फसलों के लिए अच्छा संकेत है।

आईएमडी ने बताया कि 2024 में 106 प्रतिशत यानी 87 सेंटीमीटर बारिश हो सकती है। चार महीने के मानसून सीजन के लिए लॉन्ग पीरियड एवरेज एलपीए 868.6 मिलीमीटर यानी 86.86 सेंटीमीटर होता है। यानी मानसून सीजन में कुल इतनी बारिश होनी चाहिए। इससे पहले 9 मार्च को प्राइवेट वेदर एजेंसी स्काईमेट ने सामान्य मानसून का अनुमान जारी किया था। यानी जून से सितंबर तक 4 महीने में 96 से 104 प्रतिशत के बीच बारिश हो सकती है।


भारत में आमतौर पर मानसून 1 जून के आसपास केरल के रास्ते आता है। चार महीने की बरसात के बाद यानी सितंबर के अंत में राजस्थान के रास्ते इसकी वापसी होती है।

#### 20 राज्यों में सामान्य से ज्यादा बारिश का अनुमान...

केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, प.बंगाल, सिक्किम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, पुड्डुचेरी, अंडमान निकोबार द्वीप समूह, लक्षदीप, दादरा और नगर हवेली, दमन-दीव में सामान्य से ज्यादा बारिश का अनुमान बताया गया है।

#### मौसम से जुड़ी दो जरूरी बातें...

मौसम के प्रभाव के चलते शुरुआत (जून-जुलाई) में मानसून की रफ्तार धीमी रहेगी, लेकिन दूसरे फेज (अगस्त-सितंबर) में इसकी भरपाई हो जाएगी। आईएमडी ने बताया कि मानसून को लेकर अगली संभावना मई के आखिरी सप्ताह में जारी की जाएगी। वैज्ञानिकों के मुताबिक भारी बारिश वाले दिनों की संख्या घट रही है, जबकि बहुत तेज बारिश वाले दिनों यानी कम समय में बहुत ज्यादा बारिश वाले दिनों की संख्या बढ़ रही है। इसकी वजह बार-बार आने वाला सूखा और बाढ़ है



#### अंचल में अभी भी बरकरार है बारिश की संभावना...

मंदसौर अंचल सहित प्रदेश में कई जगहों पर मौसम का मिजाज बदला हुआ है। एक के बाद एक सक्रिय मौसम प्रणालियों के असर से आने वाले 4 दिनों तक मौसम का मिजाज ऐसे ही बना रहेगा। इस दौरान बादल छाए रहेंगे और बारिश के साथ ओले गिरने के आसार है। मंदसौर की बात करें तो सोमवार को भी कभी तेज धूप तो कभी बादल छाए रहे। मौसम विशेषज्ञ का कहना है कि इस समय नमी बहुत ज्यादा है। ऐसे में बादल बन रहे हैं और बारिश हो रही है। अगले एक दो दिनों में मौसम शुष्क होगा, बादल बौछारों की स्थिति बनेगी, लेकिन तापमान में बढ़ोतरी होगी। 18 अप्रैल से एक और पश्चिमी विक्षोभ की संभावना है, यह अगर प्रभावी रहा तो अप्रैल के आखिरी सप्ताह में ही तापमान तेजी से बढ़ सकता हैं।

#### ऐसा रहेगा मौसम का मिजाज...

पश्चिमी विक्षोभ का असर अब प्रदेश सहित जिले से भी कम होता जा रहा है। इसके कारण तापमान में भी बढ़ोतरी रही व बादल भी कम दिखाई दिए। दिन का तापमान 36.4 डिग्री दर्ज किया गया तो रात का तापमान 23.8 डिग्री रहा। एक दिन पहले यह 36 डिग्री व 21.8 डिग्री था। 24 घंटे में दिन के तापमान में 0.4 डिग्री व रात में 2 डिग्री की बढ़त हुई है। मौसम विभाग के अनुसार तापमान में 2 से 3 डिग्री तक बढ़त रहेगी। एक सप्ताह के बाद एक अन्य पश्चिमी विक्षोभ जो ईरान के आसपास सक्रिय है उसका असर भी नजर आएगा।

#### इसलिए बदल रहा मौसम...

मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ हवा के उपरी भाग में चक्रवात के रूप में अफगानिस्तान और उसके आसपास बना हुआ है। वहीं राजस्थान में कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। उत्तर पूर्वी राजस्थान से लेकर बंगलादेश तक द्रोणिका निकल रही है, इससे मौसम में बदलाव आ रहा है।



## श्री पिपलेश्वर बालाजी मंदिर पर मनेगा तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव

### 21 अप्रैल को सुंदरकांड, 22 को शोभायात्रा एवं 23 को भंडारे का होगा आयोजन

**मंदसौर, 15 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** अभिनंदन नगर तिलक नगर स्थित श्री पिपलेश्वर बालाजी/महादेव मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव बड़े धूम धाम से मनाया जायेगा इस दौरान तीन दिवसीय आयोजन होंगे इस दौरान मंदिर पर 21 अप्रैल रविवार को सायं 7.30 बजे संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन होगा तथा 22 अप्रैल सोमवार को दोपहर 3 बजे मंदिर से बालाजी महाराज की शोभायात्रा निकाली जाएगी जो अभिनंदन नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई पुन: मंदिर पहुंचेंगी जहां आरती कर प्रसाद वितरण किया जाएगा तथा मध्य रात्रि 2 बजे पश्चात बालाजी महाराज का अभिषेक व हवन पूजन किया जाएगा तथा 23 अप्रैल मंगलवार को प्रात: 6 बजे बालाजी महाराज का जन्मोत्सव(आरती) ढोल नगाड़ों व आतिशबाजी के साथ मनाया जायेगा और प्रसादी का वितरण किया जाएगा तथा सायं 4 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जावेगा तथा साय 7.30 बजे महाआरती होगी। श्री पीपलेश्वर बालाजी/महादेव मंदिर के समस्त सेवक आप सभी गणमान्य नागरिकों माताओं,बहनों सेअनुरोध करते है की उक्त सभी कार्यक्रमों में पधारकर धर्म लाभ लेवे।

# पार्किंग के संबंध में एसडीएम, सीएमओ नियमों का पालन करवाए-कलेक्टर

### साप्ताहिक अंतर विभागीय एवं निर्वाचन कार्यो की समीक्षा बैठक संपन्न



**मंदसौर, 15 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक एवं निर्वाचन कार्यो की समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान उन्होंने व्यय लेखा नोडल को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षक से रिपोर्ट लेकर एक कंपलीट रिपोर्ट प्रतिदिन बनवाएं। आवश्यक सेवा वाले विभागों के साथ मीडिया कर्मी भी पोस्टल बलट के माध्यम से मतदान कर सकते हैं, इसके लिए 23 अप्रैल तक फॉर्म 12ऊ भरकर जमा कर सकते हैं। सभी नोडल अधिकारी एवं सेक्टर अधिकारी हमेशा अलर्ट मूड में रहे तथा लगातार अपने कार्यों को देखें। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, वन मंडल अधिकारी श्री चौहान, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, सभी जिलाधिकारी मौजूद थे।

रेस्टोरेंट, मैरिज गार्डन, अस्पताल आदि संस्थाओं के लिए पार्किंग के संबंध में एसडीएम, सीएमओ, तहसीलदार 133 के तहत कार्यवाही करें तथा नियमों का पालन करवाए। खुले हुए नलकूप एवं कुओं के संबंध में 188 के तहत कार्यवाही करें। सभी जनपद सीईओ ग्राम सचिव को यह निर्देशित करें कि ग्राम पंचायत स्तर पर पेयजल की मोटर एवं अन्य उपकरणों के खराब होने की स्थिति में उनको तत्काल ठीक करवाए। जिससे आम नागरिक को पेयजल के संबंध में किसी तरह की समस्या उत्पन्न ना हो। पीएचई विभाग भी इस बात का विशेष तौर पर ध्यान रखें। इस संबंध में सभी सीईओ रिपोर्ट भी प्रस्तुत करेंगे। उपार्जन में कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध कालाबाजारी अधिनियम के तहत होगी कार्यवाही। उपार्जन के पश्चात बारिश की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए परिवहन का कार्य तुरंत करें। किसी भी स्थिति में गेहूं, चना, सरसों खराब नहीं होना चाहिए। डीपीसी को निर्देश देते हुए कहा कि विगत 10 सालों में कितने स्कूल निर्मित हुए, जिसमें से कितने स्कूल संचालित हो रहे हैं एवं कितने स्कूलों की बिल्डिंग खराब हो गई। ऐसे स्कूल भवन की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।



# नगर परिषद प्रशासन की मशक्कत के बाद भी व्यवस्थाएं सुधरने का नाम नहीं ले रही


### मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने सहयोग के लिए थाना प्रभारी के नाम लिखा पत्र

**भानपुरा, 15 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भानपुरा नगर के प्रमुख मार्गो सहित नया बस स्टैंड पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में दुकानों के सामने व्याप्त भारी अतिक्रमण एवं सड़क पर बेतरतीब तरीके से खड़े रहने वाले दो पहिया वाहन चार पहिया वाहन नगर परिषद द्वारा व्यवस्था सुधारने के लिए की जा रही मशक्कत के बाद भी व्यवस्थाएं सुधरने का नाम नहीं ले रही है। इसके लिए दुकानदारों सहित आम लोग एवं ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोग भी इसके लिए दोषी हैं। जो अपने वाहन मन चाहे स्थान सड़क पर कहीं भी आव्यवस्थित तरीके से खड़े कर रहे हैं। इसके चलते मार्ग पर चलने वाले अन्य वाहन चालकों एवं आमजन को परेशान होना पड रहा है। एवं आवागमन भी बाधित हो रहा है कई बार जाम की स्थितियां निर्मित हो रही है। रविवार को नगर परिषद प्रशासन द्वारा नया बस स्टैंड क्षेत्र से लेकर पुराना बस स्टैंड तक रोड के किनारे पर की गई लाइनिंग तक दुकानदारों का व ठेला खड़ा करने वाले लोगों को नगर परिषद प्रशासन द्वारा लाइनिंग के बाहर नहीं आने की हिदायत दिए जाने के बाद भी दुकानों पर आने वाले ग्राहकों आम लोग दुकान के सामने सड़क पर ही दो पहिया चार पहिया वाहन खड़ा कर रहे हैं। इसमें नगर परिषद प्रशासन द्वारा की जा रही मशक्कत के बाद भी व्यवस्थाएं सुधर ही नहीं पा रही है। सोमवार को सुबह से ही बस स्टैंड क्षेत्र में दुकानों के सामने एक दिन पूर्व नगर परिषद प्रशासन द्वारा की गई लाइनिंग के बाहर कई जगहों पर 10 फीट से लेकर 20 फीट तक दो पहिया वाहन सड़क पर खड़े नजर आए। वाहनों का सड़क पर अव्यवस्थित तरीके से खड़े रहने से कभी भी किसी भी समय गंभीर घटनाएं घटित होने की प्रबल संभावनाएं निर्मित हो रही है। एवं इसके चलते बस स्टैंड क्षेत्र में आवागमन भी बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है एवं दिन में कई बार जाम की स्थितियां निर्मित हो रही है। जब तक नगर परिषद प्रशासन पूरी शक्ति व कार्यवाही को नगर परिषद प्रशासन व पुलिस प्रशासन अंजाम नहीं देगा व्यवस्थाएं सुधर ही नहीं सकती है। इस कार्य में पुलिस प्रशासन से सहयोग के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी भानपुरा ने रविवार को ही एक कार्यालयीन पत्र थाना प्रभारी भानपुरा के नाम दिया है। पत्र में बताया गया है कि नगर में मुख्य मार्ग झालावाड़ रोड एवं गरोठ रोड पर सड़क के किनारे दोनों और दो पहिया वाहन चालकों द्वारा बेतरतीब तरीके से अपने वाहन को खड़ा कर दिया जाता है। जिससे आवागमन में काफी समस्या होकर आए दिन जाम की स्थिति बनती है। निकाय द्वारा नया बस स्टैंड से निमथुर गेट तक अव्यवस्थित ठेला लगाने वालों को मार्किंग कर उसके अंदर कर दिया गया है। परंतु दो पहिया वाहनों के चालकों द्वारा रोड पर ही वाहन पार्किंग किया जा रहे हैं। इसमें उचित कार्रवाई करने व आवागमन को सुगम बनाए जाने में सहयोग प्रदान करने की मांग की गई है।

इस संबंध में थाना प्रभारी भानपुरा रोहित कछावा ने प्रतिनिधि को बताया कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी भानपुरा द्वारा थाने को कोई पत्र दिया है। इसकी जानकारी अभी दोपहर तक मुझे नहीं है। निकाय द्वारा नगर के मार्ग में आवागमन सुचारू बनाए रखने में सहयोग मांगा है तो इसके लिए व्यवस्थाएं सुधारने में निकाय को पूरा सहयोग करेंगे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मोहम्मद अशफाक खान ने बताया कि पुलिस थाना भानपुरा से सहयोग के लिए रविवार 14 अप्रैल को ही एक पत्र थाने में दिया गया था। जिसकी ओसी भी 14 अप्रैल की है। नगर के प्रमुख मार्गों पर आवागमन को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन का सहयोग बहुत जरूरी है।

# रील बनाते समय हंसी-मजाक के दौरान गलतफहमी में चाकू घोंपकर युवक की हत्या

**रतलाम, 15 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिले के सैलाना थाना क्षेत्र के ग्राम कोटरा में विवाह समारोह के दौरान उसे समय कोहराम मच गया जब एक युवक की चाकू घोप कर हत्या कर दी गई। घटना उस समय हुई जब मृतक की रील उसका दोस्त मोबाइल फोन से बना रहा था। इस दौरान मृतक हंसी मजाक कर रील बना रहे अपने दोस्त से गाली गलौज करने लगा। बारात में आये दूसरे पक्ष के युवक ने समझा कि उसे गाली दी जा रही है। इसे लेकर वह आक्रोशित हो गया और उन्हें मृतक के पेट में चाकू घोप दिया। आरोपित को मृतक के दोस्तों ने पड़कर बांध दिया और पुलिस को बुलाकर उसे सौंप दिया पुलिस उससे पूछताछ कर रही है आरोपित का साथी भाग निकला।



ग्रामीणों के अनुसार ग्राम कोठडी में रतन चारेल की पुत्री भूलीबाई की शादी का कार्यक्रम था। ग्राम जामथून से बारात आई थी। सोमवार सुबह 8 बजे फेरे हो चुके थे। दोपहर करीब 12 बजे भोजन चल रहा था। दुल्हन का पड़ोसी 24 वर्षीय प्रवेश चरपोटा अपने घर के पीछे दोस्तो के साथ बैठा था। इसी बीच प्रवेश के मोबाइल फोन से उसका दोस्त मुकेश मईड़ा रील बना रहा था। वहीं आरोपित रामलाल गोधा निवासी ग्राम सवालिया रुंडी व उसका एक साथी के कुछ दूरी पर खाट पर बैठा हुवा था। इस दौरान प्रवेश ने हंसी मजाक में मुकेश से गाली गलोच की। आरोपित रामलाल समझा कि उसे गाली दी गई है और वह गुस्सा होकर विवाद करने लगा। इसी बीच उसने जेब से चाकू निकाला तथा प्रवेश के पेट में वार कर दिया। इससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया।

**आरोपित को पकड़ कर पोल से बांधा**-शोर सुनकर अन्य लोग मौके ओर पहुंचे तथा जैसे तैसे हिम्मत कर आरोपित रामलाल को पकड़ा और काबू में करके उससे चाकू छीनकर उसे रस्सी से बिजली के पोल से बांध दिया। मृतक प्रवेश के मामा पप्पू निनामा, पड़ोसी नवाब खड़िया आदि ने बताया कि रामलाल को पकड़ने के दौरान उसका साथी भाग गया। पुलिस को सूचना दी गई तथा प्रवेश को सैलाना के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहां से उसे मेडिकल कालेज रेफर किया गया, लेकिन मेडिकल कॉलेज ले जाते समय उसने रास्ते मे दम तोड़ दिया। उधर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपित रामलाल को हिरासत में लिया और थाने ले गई। थाना प्रभारी अय्यूब खान ने बताया कि आपसी विवाद में एक युवक की हत्या कर दी गई है आरोपित रामलाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## पर्यावरण को संरक्षित करें, लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान अवश्य करें-जैन

**नीमच, 15 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पर्यावरण को संरक्षित करें, लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान अवश्यं करें, उक्त विचार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने गांधी वाटिका में मिशन लाईफ के तहत आयोजित मटका वितरण कार्यक्रम में व्यक्त किए। जिले में संचालित मिशन लाईफ कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के साथ ही जिले में मतदाता जागरूकता गतिविधि भी स्वीप नोडल अधिकारी श्री गुरूप्रसाद के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है। गांधी वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर श्री जैन ने उपस्थित जनों से कहा कि प्रशासन व्दारा पर्यावरण एवं संरक्षण के लिए जो प्रयास किए जा रहे है, उसमें आम नागरिकों की भागीदारी भी आवश्यक है। पर्यावरण को बचाने के लिए सप्ताह में एक दिन साईकिल का उपयोग करना चाहिए, घरों में फ्रीज, कुलर, लाईट, पंखा, इलेक्ट्रीक उपकरणों का कम से कम प्रयोग करना चाहिए। साथ ही सप्ताह में एक दिन ए.सी. के उपयोग से बचने का प्रयास करना चाहिए। श्री जैन ने कहा कि प्रत्येक घर में एक मटका अवश्य होना चाहिए, जिससे हम शुद्ध, प्राकृतिक एवं शीतल जल प्राप्त कर सके तथा फ्रीज के पानी से होने वाली बीमारियों से बच सके। मटका उपयोग करने पर अपनी मिट्टी से जुड पायेंगे साथ ही मटका व्यवसाय को भी प्रोत्साहन मिलेगा। कार्यक्रम में जैविक उत्पादों को बढावा देने के लिए जैविक वस्तुओं के उपयोग की बात कही तथा इससे संबंधित स्टॉल भी लगाया गया। श्री जैन ने बताया कि आगामी दिवसों में पुराने कपडे एवं किताबों के उपयोग के लिए भी कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड, ने भी कार्यक्रम को सम्बो धित किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, आमजन, स्वयंसेवी संस्थान, सदस्य एवं मीडियाकर्मियों व्दारा नैतिक मतदान की शपथ भी ली गई।

## श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर में श्री रामनवमी पर्व पर होगी महाआरती

**मंदसौर, 15 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भक्त वत्सल भगवान श्री राम जी के जन्मोत्सव श्री राम नवमी पर्व पर मंदसौर नगर के श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर में एक दिवसीय सामूहिक आराधना के आयोजन होंगे। 17 अप्रैल बुधवार को श्री राम नवमी का महापर्व भक्ति एवं श्रद्धाभाव से श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में मनाया जाएगा। श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री धीरेंद्र त्रिवेदी एडवोकेट ने बताया कि श्री रामनवमी के पावन पर्व पर प्रात: 11.15 बजे भगवान श्री राम का पंचामृताभिषेक एवं पूजा की जाएगी। ठीक अपरान्ह 12 बजे भगवान श्री राम जी की भव्य जन्म आरती होगी। सायं 6 बजे से श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ भक्तों द्वारा किया जाएगा।

## खानपुरा में कल मनाया जाएगा राम जन्मोत्सव

**मंदसौर, 15 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा मंदसौर में भगवान श्री राम जन्मोत्सव का पर्व दिनांक 17 अप्रैल 2024, बुधवार प्रात: 11 बजे से मनाया जाएगा। दोप. 12 बजे आरती पश्चात् प्रसाद वितरण होगा। ट्रस्ट के जगदीश सेठिया, राधेश्याम गर्ग, जयप्रकाश गर्ग, कारूलाल सोनी, मदनलाल गेहलोद, प्रहलाद काबरा, सत्यनारायण सोमानी, जगदीश भावसार, नंदलाल गुप्ता, जगदीश गर्ग, संतोष जोशी, बंशीलाल टांक, अजय मित्तल ने धर्मालुजनों से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्मलाभ लेने की अपील की हैं।

## 'प्रत्येक वोट जरूरी है' पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता

### प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रविष्टि भेजने की अंतिम तारीख 25 अप्रैल, प्रथम 51 हजार, द्वितीय 21 हजार और तृतीय 11 हजार रुपये का होगा पुरस्कार, चयनित 10 प्रतिभागियों को 5100 रुपये का दिया जाएगा विशेष पुरस्कार

**मंदसौर, 15 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिए मतदाता जागरूक्ता अभियान के अंतर्गत प्रत्येक वोट जरूरी है विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही 10 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति का गठन भी किया गया है। चयन समिति के मूल्यांकन के बाद परिणाम घोषित किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टिा.ूर्सिी.ळि पोर्टल पर भेजनी होगी। इसके साथ ही प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी। गुरूवार 25 अप्रैल तक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि भेज सकेंगे।

**विजयी प्रतिभागियों को यह मिलेगी पुरस्कार राशि**-प्रथम पुरस्कार – रु 51,000, द्वितीय पुरस्कार – रु 21,000, तृतीय पुरस्कार – रु 11,000 एवं 10 प्रतिभागियों को 5,100-5,100 रुपये का विशेष पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

**नियम एवं शर्तें**-प्रतिभागी को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए। एक प्रतिभागी की एक प्रविष्टि अधिकतम 25 से 30 शब्दों की मान्य होगी। प्रविष्टि मौलिक, अर्थपूर्ण एवं हिंदी भाषा में होना चाहिए। प्रविष्टि में किसी भी उत्तेजक या आपत्तिजनक शब्द का प्रयोग नहीं होना चाहिए। प्रतिभागी प्रविष्टि के साथ अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी भी जरूर लिखें। पुरस्कार के लिए श्रेष्ठ प्रविष्टि का चयन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा गठित राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा। चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा। प्रतियोगिता के लिये प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल 2024 है।

## आरोपी प्रमोद को तीन माह तक थाना हाजरी का आदेश

**नीमच, 15 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री दिनेश जैन द्वारा म.प्र.राज्यव सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-5(क,ख) के तहत आरोपी प्रमोद पिता सुरेश उर्फ सुरेशचंद्र निवासी कुकडेश्वर, पुलिस थाना कुकडेश्वर को तीन माह के लिए सदाचार बनाये रखने के लिए पुलिस थाना कुकडेश्वर में सप्ताह में एक दिन थाना हाजरी का आदेश जारी किया गया है।

## अवैध शराब सहित 2 को पकड़ा

**पिपलियामंडी, 15 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने अवैध शराब के साथ आरोपी को पकड़ा। मुखबिर की सूचना पर नाहरगढ़ पुलिस ने 12 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ बिल्लोद निवासी नीतिन उर्फ नितिक पिता संजय भाटी को पकड़ा। इसी तरह पिपलिया मंडी पुलिस ने साढ़े 5 लीटर शराब के साथ लसुड़िया राठौर निवासी कुलदीप पिता बंशीलाल प्रजापत को पकड़ा। दोनों मामलों में पुलिस ने आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया।



## सुधीर गुप्ता ने पिपलोदा मंडल के ग्रामों में जनसंपर्क किया

**मंदसौर, 15 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पिछले 10 वर्ष, नारी गरिमा, नारी को नए अवसरों को समर्पित रहे हैं, आने वाले 5 वर्ष नारीशक्ति की नई भागीदारी के होंगे मुफ्त राशन की योजना आने वाले 5 साल तक जारी रहेगी। एक करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर सशक्त किया है. अब हम तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे। उक्त बात भाजपा प्रत्याशी व क्षेत्रिय सांसद सुधीर गुप्ता ने जावरा विधानसभा के पिपलोदा मंडल के विभिन्न ग्रामों में जनसपर्क के दौरान कही।

सोमवार को भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता ने जावरा विधानसभा के ग्राम गुर्जर अरनिया , हसन पालिया, आकतवासा, सोनगढ, कचंनखेडी, अंगेटी,, हतनारा, नांदलेटा, मंचुन, आम्बा, पुनियाखेडी माताजी, गुडरखेडा, शेरपुर, सरसाना , गणेशगंज, कमलाखेडा, बडोदा, बडायला माताजी, बोरखेडा, उपरवाडा, बरगढ, चौरासी बडायल में जनसंपर्क एक बार फिर मोदी सरकार बनाने की अपील की। सांसद गुप्ता ने कहा कि यह सरकार गरीब, गांव, और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को समर्पित है। उसी को कार्यरूप देते हुए 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने इन सारे आयामों को आगे बढ़ाने का काम किया है। 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। इसी के साथ ही जो भी आवासो से वंचित है उन्है पक्के घर देकर सपनों को पूरा किया जाएगा। सुधीर गुप्ता ने कहा कि 2 हजार करोड़ की माही जल समूह योजना का लाभ क्षेत्र को मिलने वाला है। बच्चें आधुनिक शिक्षा ग्रहण कर देश, समाज के साथ गांव का नाम रोशन करे इसके लिए क्षेत्र के नांदलेटा और माउखेडी में पीएमश्री स्कूल की सौगात मिली। 5 हजार से अधिक आवास पिपलोदा क्षेत्र में पूर्ण हुए है। 25 हजार से अधिक शौचालयों का निर्माण हुआ है। आवागमन सुलभ हो इसके लिए प्रत्येक ग्राम को प्रधानमंत्री सड़क योजना से जोड़ा है। इसी के साथ ही जावरा उज्ज्ैन फोरलेन स्वीकृत है जिसका लाभ क्षेत्रवासियों को मिलेगा। सांसद गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने ना तो गरीबों की सूध ली ना ही महिला, युवाओं की। इनके उत्थान के लिए कोई भी योजना नही बनी। इस अवसर पर सभी पदाधिकारी, मंडल व मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्तागण व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## हमें एक होकर समाज को आगे बढ़ाने की जरूरत है-तंवर



**मंदसौर, 15 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** सकल वाल्मीकि समाज एवं वीर माता दिन अंबेडकर सेना मंदसौर के तत्वाधान में सिम्बोल ऑफ नॉलेज, भारत रत्न, दलितों के मसीहा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जन्म जयंती बड़े ही हर्षोउल्लास और धूमधाम से गांधी चौराहा स्थित भार्गव मांगलिक भवन में मनाई गई।

डॉ. अम्बेडकर जयंती के सायंकाल एक विशाल चल समारोह निकाला गया। जिसमें आकर्षण का केंद्र थे डीजे, ढोल धमाके एवं झांकियां सम्मिलित थी। साथ ही महिलाएं लाल हरी चुनरी और पुरुष व्हाइट कुर्ते ड्रेस में दो की कतार बनाए हुए क्रमबद्ध तरीके से बाबा साहब के नीले झंडे लेकर चल रहे थे। सबसे पहले वाल्मीकि समाज के आराध्य देव श्याम बाबा ओटले पर हार फूल माला अर्पण कर पूजा पाठ कर चल समारोह शुरू हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं बच्चे समाज के वरिष्ठ गण एवं युवासाथी शामिल हुए। यह चल समारोह गांधी चौराहा से प्रारंभ होकर दया मंदिर रोड होते हुए घंटाघर से भारत माता चौराहा , बस स्टेंड, अंबेडकर चौराहा पर आया एवं वहां पर बाबा साहब की प्रतिमा पर मातृशक्ति द्वारा माल्यार्पण किया गया एवं उधम सिंह चौराहा होते हुए गांधी चौराहा पर समापन हुआ जिसमें चल समारोह का समाज के भाई बंधुओं की तरफ से अलग-अलग स्वागत सत्कार हुआ और आइस्क्रीम ,रसना और ठंडे पानी की व्यवस्था की गई साथ ही चल समारोह पर ड्रोन से भी पुष्प बरसाए गए। चल समारोह का समापन गांधी चौराहे पर हुआ तत्पश्चात मंच का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

## ✻✻ नाम परिवर्तन ✻✻

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्रायविंग लायसेंस में मेरा नाम शैलेन्द्र व्यास है एवं आधार कार्ड में शैलेन्द्रकुमार व्यास पिता जानकीलाल व्यास है जो कि सही है। अत: मुझे आगे से मेरे शैलेन्द्रकुमार व्यास पिता जानकीलाल व्यास के नाम से जाना व पहचाना जावें।

पता-गौतम विहार, संजीत रोड, मंदसौर

**धर्मेन्द्रसिंह सोलंकी, एडवोकेट**

कार्यालय-न्यायालय परिसर, मंदसौर मो-9406829772

दिनांक-10.04.2024

## ✻✻ जाहिर सूचना ✻✻

**संबंधित भूखण्ड राजहंस कालोनी, भून्याखेड़ी, जिला मंदसौर**

सर्व साधारण व आम को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्रीमती भारती पति शिवप्रतापसिंह, निवासी ग्राम कोनिया, जिला सीधी म.प्र. से उसके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड जो कि भूखण्ड क्रमांक 77 होकर राजहंस कालोनी, वार्ड नं. 40, भून्याखेड़ी तहसील व जिला मंदसौर में स्थित है को क्रय करने का अनुबंध कर अग्रिम बयाना राशि अदा कर दी है, शीघ्र ही विक्रय पंजीयन पत्र का निष्पादन किया जाना है। भूखण्ड की चतुर्सीमा व पैमाईश इस प्रकार है-

पूर्व में-भूखण्ड क्रमांक 76, पश्चिम में-कालोनी रोड, उत्तर में-प्लाट नं. 60, दक्षिण में-कालोनी रोड, पैमाईश-पूर्व से पश्चिम – 30 फिट, उत्तर से दक्षिण – 50 फिट कुल 1500 वर्गफीट है।

अत: इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम आदि को इस भूखण्ड के संबंध में कोई दावा, आपत्ति हो तो वह तीन दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद विक्रय पंजीयन पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी सो सूचित हो।

भवदीय

धर्मेन्द्रसिंह सोलंकी, अधिवक्ता, मंदसौर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in